# भटकते रहेंगे हम तो होके बावरे भजन लिरिक्स

भटकते रहेंगे हम तो होके बावरे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।bd।

---

तेरे भरोसे हमने ये जग छोड़ा,
हे निर्मोही हमसे क्यों मुख मोड़ा,
विरहा जला ना डाले बन आग रे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।bd।

---

तुमने बुलाया हमें बंसी बजाके,
हम चली आई कितने सपने सजाके,
नटखट कन्हैया ऐसे मत भाग रे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।bd।

---

हम हैं तुम्हारे मोहन तू ही हमारा है,
तेरा ही सहारा हमको तेरा ही सहारा है,
श्याम शरण में ले ले यही भाव रे,
तेरे बिन जाए कहां ओ सांवरे।bd।

---

भटकते रहेंगे हम तो होके बावरे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।bd।

स्वर – श्री श्रीजी महाराज।
प्रेषक – विजय कुमार वर्मा।
मुरादाबाद।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com